भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2865
गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गोवा में संधारणीय पर्यटन

2865 श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा गोवा की स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण का परिरक्षण सुनिश्चित करते हुए वहां संधारणीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई है;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के लिए गोवा में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु कितनी निधि आबंटित की गई और इस आवंटन में किन विशिष्ट परियोजनाओं को शामिल किया गया है;

(ग) गोवा में पर्यटकों के आगमन के आंकड़े क्या हैं और स्थानीय व्यवसायों और रोजगार पर उनके प्रभाव का आकलन क्या है; और

(घ) व्यस्ततम पर्यटन समय के दौरान स्थानीय अवसंरचना और संसाधनों पर दबाव को कम करने के उद्देश्य से गोवा का ऑफ-सीजन पर्यटन स्थल के रूप में संवर्धन करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से 365 दिन यात्रा करने योग्य गंतव्य के रूप में भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। चल रही गतिविधियों के भाग के रूप में; सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में स्थायी पर्यटन का संवर्धन भी किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से स्थायी पर्यटन को नियमित रूप से बढ़ावा देता है। मंत्रालय पर्यटन के विस्तार हेतु देखो अपना देश पहल सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से अल्प ज्ञात गंतव्यों को भी बढ़ावा देता है।

पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता पर्यटन मंत्रालय द्वारा तैयार की गई स्थायी पर्यटन राष्ट्रीय कार्यनीति के दो प्रमुख स्तंभ हैं। इस कार्यनीति के अनुरूप ट्रेवल फॉर लाइफ कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि देश में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके और

पर्यटकों तथा पर्यटन व्यवसायों को स्थायी पर्यटन कार्य-पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया गया है। यह योजना पर्यावरणीय स्थायित्व, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थायित्व और आर्थिक स्थायित्व सहित स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा राज्य और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों/विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के आधार पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। गोवा में पर्यटन अवसंरचना के लिए आबंटित निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

वर्ष 2021-2023 के दौरान गोवा में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण:

वर्ष	**डीटीवी (लाख में)**	**एफटीवी (लाख में)**
2021	33.08	0.22
2022	70.12	1.75
2023	81.75	4.53

स्रोत: गोवा पर्यटन विभाग

स्थानीय व्यवसायों और रोजगार पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

*****

अनुबंध

श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े द्वारा गोवा में संधारणीय पर्यटन के संबंध में दिनांक 19.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2865 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत गोवा में परियोजनाओं की सूची

करोड़ रु. में

क्र.सं.	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी राशि*	उपयोग की गई राशि	वास्तविक स्थिति (%)
1.	तटीय परिपथ 2016-17	सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास	97.65	97.65	92.76	पूर्ण
2.	तटीय परिपथ 2017-18	तटीय परिपथ II रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला -कोलवा - बेनौलिम का विकास	99.35	99.35	94.38	पूर्ण

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

करोड़ रु. में

क्र.सं.	स्वीकृति की तिथि	गंतव्य	एक्सपीरियन्स का नाम	स्वीकृत लागत
1.	20-08-2024	पोरवोरिम	पोरवोरिम क्रीक एक्सपीरियन्स	23.56
2.	20-08-2024	कोलवा	कोलवा बीच एक्सपीरियन्स	15.65

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत गंतव्यों की सूची

करोड़ रु. में

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत
1.	2024-25	बोम जीसस बेसिलिका का विकास	16.46

पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों की विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के तहत अनुमोदित परियोजनाओं की सूची

करोड़ रु. में

क्र. सं.	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**पर्यटन मंत्रालय की संस्तुति**	**व्यय विभाग द्वारा अनुमोदित**
1.	2024-25	छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, पोंडा	97.46	97.46
2.	2024-25	प्रस्तावित टाउनस्क्वायर, पोरवोरिम	90.74	90.74

*****